# सृष्टि चक्र

ओं इत्येकाक्षरं ब्रह्म

ॐ हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत्।

स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमाम् कस्मै देवाय हविषा विधेम!

डी.ए.वी.पी. ( भारत सरकार ) द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

पंजीयन संख्या: UTTHIN/2006/17322

डाक पंजीयन संख्या: यू.ए./डी.ओ./दे.दून/291/2024-26

वर्ष-19 अंक-48 | साप्ताहिक हरिद्वार ( उत्तराखण्ड ) | बृहस्पतिवार 22 मई 2025 | पृष्ठ-4 मूल्य 1 रूपया


## संयुक्त संसदीय समिति की बैठक में मुख्यमंत्री ने किया प्रतिभाग

विशाल रस्तौगी।

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मसूरी रोड स्थित एक होटल में एक देश-एक चुनाव विषय पर संयुक्त संसदीय समिति के साथ संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष पी. पी. चौधरी एवं समिति के सभी सदस्यगणों का स्वागत और अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'एक देश - एक चुनाव' हमारे लोकतंत्र को और अधिक सशक्त, प्रभावी और समावेशी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि हमारी चुनाव प्रणाली विविधताओं के बावजूद प्रभावी और मजबूत रही है, लेकिन अलग-अलग समय में चुनाव




होने से बार-बार आचार संहिता लगती है, इसके चलते राज्यो के सारे काम ठप पड़ जाते हैं। जब भी चुनाव आता है, तो बड़ी संख्या में कार्मिकों को मूल कार्य से हटाकर चुनाव ड्यूटी में लगाना पड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले तीन सालों में राज्य में विधानसभा, लोकसभा और निकाय चुनावों की आचार संहिता के कारण 175 दिन तक राज्य की प्रशासनिक मशीनरी नीतिगत निर्णय लेने की प्रक्रिया से वंचित रही।छोटे और सीमित संसाधनों वाले राज्य के लिए ये 175 दिन शासन व्यवस्था की दृष्टि से महत्वपूर्ण होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन का पूर्ण व्यय भार राज्य सरकार वहन करती है और लोकसभा निर्वाचन का व्यय भार केंद्र सरकार द्वारा उठाया जाता है। दोनों चुनाव एक साथ कराए जाएं तो राज्य और केंद्र सरकार पर व्यय भार समान रूप से आधा-आधा हो जाएगा। दोनों चुनाव एक साथ कराने से कुल व्यय में लगभग 30 से 35 प्रतिशत तक की बचत होगी। इसका उपयोग राज्य के स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, जल, कृषि एवं महिला सशक्तिकरण जैसे अनेक क्षेत्रों में किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में जून से सितंबर का समय चारधाम यात्रा के साथ- साथ, बारिश का भी होता है, ऐसे में चुनावी कार्यक्रम होने से बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा जनवरी से मार्च तक वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही के समय भी चुनावी प्रक्रिया निर्धारित नहीं की जानी चाहिए। फरवरी-मार्च के माह में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं होने से प्रशासनिक संसाधनों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड जैसे पहाड़ी और विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले राज्यों में एक देश- एक चुनाव महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड के दुर्गम क्षेत्रों में मतदान केंद्रों तक पहुंचना कठिन होता है, जिसके कारण चुनाव की प्रक्रिया में अधिक समय और संसाधन लगते हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में मतदाताओं के लिए चुनाव में भाग लेना भी चुनौतीपूर्ण होता है, बार -बार चुनाव होने से लोगों में मतदान के प्रति रुझान कम होता है और मतदान प्रतिशत भी घटता है।

## सनी देओल से मिले उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद के सीईओ बंशीधर तिवारी



एस. गुप्ता

देहरादून। उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बंशीधर तिवारी ने देहरादून के हल्दूवाला स्थित बॉर्डर 2 के सेट पर सुप्रसिद्ध अभिनेता सनी देओल और निर्देशक अनुराग सिंह से मुलाकात की। इस अवसर पर उनके साथ परिषद के संयुक्त सीईओ डॉ. नितिन उपाध्याय भी मौजूद थे। मुलाक़ात के दौरान उत्तराखंड की फिल्म नीति, लोकेशन विविधता और राज्य सरकार की ओर से दिए जा रहे समर्थन पर सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में बनी उत्तराखंड की वर्तमान फिल्म नीति को देश की सबसे प्रगतिशील नीतियों में एक माना जा रहा है, जहां फिल्म निर्माताओं को समय से शूटिंग की अनुमति, प्रशासनिक सहयोग और स्थानीय संसाधनों की सहज उपलब्धता मिलती है। श्री तिवारी ने बताया कि यहां फिल्म यूनिट को जिस तरह का सकारात्मक और सहज वातावरण मिल रहा है, वह प्रदेश को फिल्म निर्माण की दृष्टि से एक सशक्त गंतव्य बनाता है। सनी देओल भी इस दौरान काफी सहज और उत्साहित नज़र आए।


## मुख्य सचिव ने की शिक्षा विभाग की समीक्षा

सुशील

देहरादून। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सचिवालय में शिक्षा विभाग की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने विभाग के क्रियाकलापों पर अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत् परीक्षा पैटर्न एवं अन्य प्राविधानों को समाहित करने के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। मुख्य सचिव ने माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत भारत दर्शन योजना को विस्तारित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष कम से कम 1 हजार बच्चों को भारत दर्शन यात्रा करायी जाए, जिसे अगले वर्ष बढ़ाकर 5000 करने का लक्ष्य रखा जाए। यह बच्चों के अन्वेषण एवं कौशल के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने भारत दर्शन यात्रा के दिवसों को बढ़ाकर 7 दिन किए जाने के भी निर्देश दिए। कहा कि भारत के प्रतिष्ठित विज्ञान एवं तकनीकी संस्थानों के साथ ही सैन्य प्रतिष्ठानों के भ्रमण कार्य आयोजित कराए जाएं। मुख्य सचिव ने प्रस्तावित 559 क्लस्टर विद्यालयों के निर्माण में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अगले एक माह में सभी चिन्हित क्लस्टर विद्यालय भवनों की डीपीआर तैयार कर प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक के दौरान ही फोन के माध्यम से शिक्षा विभाग द्वारा




चयनित कार्यदायी संस्थाओं के विभागाध्यक्षों को एक माह में डीपीआर तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्मार्ट क्लासेज एवं कम्प्यूटर लैब निर्माण कार्यों की डीपीआर भी एक माह में तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों में तेजी लाए जाने के लिए विभागीय निदेशकों को जिलाधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं से समन्वय के लिए जनपदों का दौरा किये जाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जनपदों के भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान क्लस्टर स्कूलों में वाहन भाड़ा के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय समितियों की बैठकें शीघ्र आयोजित कर ऐसे मामलों के निस्तारित किए जाने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने विद्यालयों के लिए सभी प्रस्तावित हॉस्टल फैसिलिटी की डीपीआर भी एक माह में तैयार किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्मार्ट क्लासेज हेतु कम्प्यूटर लैब के लिए एक समर्पित हैड खोले जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में देरी न हो इसके लिए प्रत्येक कार्य की समय सीमा निर्धारित की जाए, साथ ही सचिव, अपर सचिव एवं महानिदेशक स्तर पर लगातार कार्यों की समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के भीतर आवासीय विद्यालयों को बढ़ाए जाने पर भी फोकस किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि आवासीय विद्यालयों में एक वाहन उपलब्ध कराया जाए, ताकि मेडिकल इमरजेंसी एवं अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में होने वाली समस्याओं से बचा जा सके।



## सम्पादकीय

### सेना का दम

भारतीय सेना ने दुनिया को दिखा दिया है कि वह अब आसानी से किसी से भी आगे हार नहीं मानेगी। पाकिस्तान के साथ सीज फायर हुए जैसे - जैसे दिन बीत रहे हैं वैसे-वैसे आतंकिस्तान की बर्बादी की तस्वीरें देश और दुनिया के सामने आ रही हैं। हमारी जाबाज भारतीय सेना रोज आतंकियों के तबाह कर चुकी ठिकानों की सही तस्वीरें साझा कर रही हैं। जबकि दूसरी तरफ पाकिस्तानी सेना अपनी नाकामियों को छुपाने में जुटी हुई है और नित नए झूठ को परोसने में ही व्यस्त हैं। पाकिस्तानी सेना को इस बार सर्वाधिक क्षति पहुंची। उसके झूठ का नकाब पूरी तरह से बेपर्दा हो गया। लेकिन आतंकिस्तानी बेशर्मी से अब भी बाज नहीं आ रहे हैं। तभी तो भारतीय सेना को यह स्पष्ट करना पड़ा कि पाकिस्तान किसी भी प्रकार की गलतफहमी में ना रहे कि सीज फायर हो गया है। तभी तो भारतीय सेना को यह कहना पड़ा कि पूरा पाकिस्तान भारत के हथियारों के निशाने पर है अगर अब उसने किसी भी तरह की कोई भी गुस्ताखी करी तो उसका आस्तित्व ही नहीं बचेगा। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलतह्ला के बाद आम जनमानस ने जिस प्रकार से एकजुटता दिखाई है वह अपने आप में बेमिसाल हैं। पहलगाम में कायर आतंकियों ने जो दुस्साहस किया था, उसका बदला तो भारत ने ले लिया है। पहले पानी की सर्जिकल स्ट्राइक और बाद में झूठिस्तान की नाक में नकेल भारतीय सेना डाली है उससे उसकी रूह कांप गई। हम तो चाहते भी है कि पाकिस्तान को भारतीय सेना ने जिस अंदाज में उसी की भाषा में उसको मुंह तोड़ जबाव दिया है उसकी गूंज सदैव विश्व पटल के साथ- साथ आतंकिस्तान के कानों में भी सुनाई देती रहे। तभी तो आज हर जगह वंदे मातरम का नारा गुंजायमान हो रहा है!

## एक संकल्प, एक बदलाव: रीना की प्रेरणादायक कहानी ग्रामोत्थान परियोजना से मिली नई पहचान



अमित गुप्ता

हरिद्वार। हरिद्वार जनपद के इकबालपुर गांव की निवासी श्रीमती रीना एक साधारण महिला थीं, जिनका जीवन कभी दिहाड़ी मजदूरी पर निर्भर था। परिवार सहित एक छोटे से कमरे में गुजर-बसर करना उनके लिए एक चुनौती भरा कार्य था। लेकिन दृढ़ संकल्प और ग्रामोत्थान (REAP) परियोजना के सहयोग से उन्होंने अपने जीवन की दिशा बदल दी। वित्तीय वर्ष 2023-24 में ग्रामोत्थान परियोजना द्वारा किए गए सर्वेक्षण में रीना की आर्थिक स्थिति का आकलन किया गया और उन्हें अल्ट्रा पुअर पैकेज के अंतर्गत शामिल किया गया। इस योजना के तहत उन्हें 35,000 का दो वर्ष के लिए ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया गया, साथ ही उन्होंने स्वयं की ओर से 5,000 का योगदान भी किया। इस सहयोग से रीना ने सिलाई और कॉस्मेटिक की दुकान शुरू की। रीना की दुकान अच्छी चल रही है। वह कपड़े सिलकर और सौंदर्य उत्पाद बेचकर प्रतिमाह 6,000 से 7,000 की आय अर्जित कर रही हैं, जो उनकी पुरानी आय से कई गुना अधिक है। वह राधा स्वयं सहायता समूह की सक्रिय सदस्य होने के साथ-साथ प्रतिज्ञा महिला ग्राम संगठन और मंगलमय बहुउद्देश्यीय स्वायत्त सहकारिता से भी जुड़ी हैं। रीना की सफलता इस बात का प्रमाण है कि सही मार्गदर्शन, वित्तीय सहायता और आत्मविश्वास से कोई भी महिला आत्मनिर्भर बन सकती है। यह कहानी न केवल ग्रामोत्थान परियोजना की सफलता को दर्शाती है, बल्कि उत्तराखंड में ग्रामीण महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण का भी उज्ज्वल उदाहरण प्रस्तुत करती है।

## मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं

रुड़की। आरोग्यम अस्पताल करौंदी भगवानपुर में लगाए गए शिविर में देहरादून के अनुभवी कैंसर रोग विशेषज्ञों द्वारा रोगियों का उपचार किया गया। शनिवार को डॉ. आकाश नारायण गैंद ने बताया कि देश में कैंसर के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है,जो चिंता का विषय है।

## देवऋषि नारद जयंती पर प्रदेश के लगभग सभी जिलों से 100 से ज्यादा पत्रकार हुए सम्मानित



ए. गुप्ता।

पलवल(हरियाणा)।श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा की पलवल जिला इकाई द्वारा देवऋषि नारद जयंती पर पलवल में संघ की प्रदेश अध्यक्ष डॉ इन्दु बंसल की अध्यक्षता में राज्यस्तरीय पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस राज्यस्तरीय पत्रकार सम्मान समारोह में देवऋषि नारद जी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर प्रदेश के लगभग सभी जिलों से सैकड़ों पत्रकारों को पटका, शाल व स्मृति चिंह देकर सम्मान दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा की संस्थापक व प्रदेश अध्यक्ष डॉ इन्दु बंसल ने कहा कि श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा मैं नही हम की नीति पर चलता है डॉ बंसल ने कहा कि संघ द्वारा आयोजित यह प्रदेश में दूसरा पत्रकार सम्मान समारोह है इस से पूर्व 5 जनवरी 2025 को संघ की करनाल इकाई द्वारा करनाल में भी पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन हो चुका है जिस में प्रदेश भर से 250 से ज्यादा पत्रकारों को सम्मानित किया गया था। डॉ बंसल ने कहा कि संघ पत्रकार हितों के लिये वचनबद्ध है। संघ हरियाणा प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग करता है। जिस के लिये जल्द ही मुख्यमंत्री व राज्यपाल से मुलाकात कर पत्रकारों की समस्यओं से अवगत करवाया जाएगा। डॉ बंसल ने कहा कि हम ब्रह्मांड के सब से पहले पत्रकार देवऋषि नारद के वंशज हैं और उन्ही की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सभी पत्रकारों को निर्भीक होकर पत्रकारिता करनी चाहिए और पित पत्रकारिता से बचना चाहिए पत्रकारों को तथ्य परक खबरों को प्राथमिकता से लिखना चाहिए। डॉ बंसल ने बताया कि पत्रकार सम्मान समारोह से पूर्व पलवल जिला इकाई का गठन व घोषणा की गई। जिस में वरिष्ठ पत्रकार भूषण ओहलियान को पलवल जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

## 9 वें सुशासन कैम्प का आयोजन हरिद्वार में हुआ

अमित कुमार

हरिद्वार। मुख्यमंत्री धामी सरकार के सुशासन हेतु सरलीकरण समाधान, निस्तारण तथा संतुष्टि के मन्त्र के अन्तर्गत हरिद्वार-रूड़की विकास प्राधिकरण द्वारा समस्त प्रकार के एकल आवासीय भवनों तथा 75 वर्ग मीटर तक के भूखण्ड क्षेत्रफल के व्यवसायिक भवनों के मानचित्र स्वीकृति हेतु सुशासन कैम्प के आयोजन के क्रम में नौवा कैम्प मुख्यालय-हरिद्वार में किया गया। सुशासन कैम्प में विगत कैम्प के लम्बित 60 भवन मानचित्र सहित कुल 80 भवन मानचित्र आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 79 आवासीय भवन मानचित्र तथा 01 व्यवसायिक भवन मानचित्र है। प्राप्त 80 मानचित्र आवेदन पत्रों में से कुल 08 आवासीय मानचित्र स्वीकृत किये गये। इस प्रकार अब तक कुल 577 भवन मानचित्र आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 499 आवासीय तथा 78 व्यवसायिक श्रेणी के मानचित्र आवेदन है। प्राप्त कुल आवेदन पत्रों में से 446 भवन मानचित्र स्वीकृत किये गये, जिसमें 376 आवासीय भवन मानचित्र तथा 70 व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृत किये गये। हरिद्वार रूडकी विकास प्राधिकरण द्वारा जन सहभागिता के दृष्टिगत सुशासन कैम्प का आयोजन दिनांक 30-04-2025 से प्रारंभ कर दिनांक 21-05-2025 को समाप्त किया गया इस मध्य कुल 09 कैम्प आयोजित हुए जिसमे 446 भवन मानचित्रों की स्वीकृति प्रदान की गयी तथा मानचित्र स्वीकृति के मद में कुल रू 898.16 लाख की आय प्राप्त हुई। कैम्प के आयोजन में आमजन द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया जिसमें सोशल मीडिया एवं प्रिंट मीडिया का भी सहयोग प्राप्त हुआ। हरिद्वार रूडकी विकास प्राधिकरण आमजन के साथ - साथ सोशल व प्रिंट मीडिया का आभार व्यक्त करता है। कैम्प की सफलता के दृष्टिगत निकट भविष्य में आमजन की सुविधा हेतु पुन: इस प्रकार के कैम्पों का आयोजन किया जाएगा।

## श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा की मांग जल्द बने पत्रकार सुरक्षा कानून : डॉ इन्दु बंसल

### झज्जर में दिनदहाड़े पत्रकार की गोली मारकर हत्या

ए. गुप्ता

झज्जर/चंडीगढ़। हरियाणा के झज्जर जिले के लुहारी गांव में अज्ञात हमलावरों ने बीती रात को पत्रकार व आरटीआई एक्टिविस्ट धर्मेंद्र की गोलियां मार कर हत्या कर दी। मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात बदमाशों ने उसे घर के पास ही घेर कर निशाना बनाया। परिजन उसे लेकर गुरुग्राम के अस्पताल पहुंचे,लेकिन डॉक्टर उसकी जान नहीं बचा सके। वहीं बताया जा रहा है कि पत्रकार धर्मेंद्र पत्रकारिता के साथ - साथ आरटीआई के माध्यम से सरकारी विभागों से सूचनाएं भी जुटाता रहा है। हत्या के इस मामले में परिजनों के बयान के बाद ही कुछ खुलासा संभव है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के गांव लुहारी का रहने वाला धर्मेंद्र रविवार देर शाम को खाना खाने के बाद घर से पाटौदा हेलीमंडी रोड पर टहलने निकला था। इसी बीच घर के पास ही अज्ञात बदमाशों ने उस पर फायरिंग कर दी। उसको सिर में दो गोलियां लगी। गोलियों की आवाज से ग्रामीण घरों से बाहर निकले तो हमलावर फरार हो गए। परिजनों ने घायल पत्रकार को तुरंत गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचाया,मगर डॉक्टर उसकी जान नहीं बचा सके। धर्मेंद्र को गोली मारने की सूचना के बाद पुलिस और एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। फिलहाल पत्रकार की हत्या करने वाले फ़रार हैंझज्जर के पत्रकार की हुई इस हत्या को श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा ने लोकतंत्र की हत्या करार देते हुए हमलावरों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की है, संघ की प्रदेश अध्यक्ष डॉ इंदु बंसल ने कहा कि हरियाणा में पत्रकार सुरक्षित नहीं हैं। डॉ बंसल ने सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून की पुरज़ोर मांग करते हुए कहा कि श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा पत्रकार हितों में लिये वचनबद्ध है।


उत्तराखण्ड शासन
देवभूमि रजत उत्सव
देवभूमि उत्तराखण्ड
श्री यमुनोत्री
30 अप्रैल, 2025
श्री गंगोत्री
30 अप्रैल, 2025
श्री केदारनाथ
2 मई, 2025
श्री बदरीनाथ
4 मई, 2025
श्री हेमकुंट साहिब
25 मई, 2025
हरित
चारधाम यात्रा
आप सभी का
हार्दिक स्वागत एवं
अभिनंदन
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
सुगम एवं सुरक्षित चारधाम यात्रा
चारधाम मार्ग के समीप आध्यात्मिक और प्राकृतिक रत्न
यमुनोत्री के पास: जानकी चट्टी, हनुमान चट्टी, खरसाली गांव, सप्तऋषि कुंड, पांडव गुफा, लाखा मण्डल, केदारकांठा ट्रैक, राणा चट्टी
गंगोत्री के पास: गौमुख ट्रैक, भोजबासा, तपोवन, सूर्यकुंड व गौरीकुंड, हर्षिल वैली, मुखीमठ (मुखबा), दयारा बुग्याल ट्रैक, गरतांग गली, काशी विश्वनाथ मन्दिर, नचिकेताताल, डौडीताल
केदारनाथ के पास: भैरवनाथ मन्दिर, वासुकीताल, गौरीकुंड, त्रियुगीनारायण मन्दिर, चोपता-तुंगनाथ-चंद्रशिला, गुप्तकाशी, देवरियाताल
बदरीनाथ के पास: माणा गांव, व्यास गुफा और गणेश गुफा, भीमशिला, औली, फूलों की घाटी, वसुधारा जलप्रपात, चरणपादुका, तप्तकुंड, नारदकुंड, ज्योतिर्मठ (जोशीमठ), सतोपंथ झील, पाण्डुकेश्वर, आदिबदरी मन्दिर, हेमकुंट साहिब
यात्रा के लिए जरुरी सामान
रेनकोट
सनग्लासेस
पानी की बोतल
मास्क
ग्लूकोस बिस्कुट
लाठी
कोल्ड क्रीम
टार्च
मंकी कैप
मफलर
कैनवास जूते
कैश
मोज़े
सैनिटाइज़र
स्वेटर
छाता
पहचान पत्र
दस्ताने
पंजीकरण के लिए
registrationandtouristcare.uk.gov.in
Toll Free number 0135 1364
Download the App:
touristcareuttarakhand
Google play
Download on the App Store
हेलीकॉप्टर/अधिक जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं
www.heliyatra.irctc.co.in
आईआरसीटीसी हेल्पलाइन नं 1800110139
080-44647998/080-35734998
उत्तराखण्ड पर्यटन टोल फ्री नंबर:
1364/0135 3520100
महत्वपूर्ण सूचना
यात्रा से पूर्व पंजीकरण अवश्य करायें।
रजिस्ट्रेशन में सही मोबाईल नम्बर दर्ज करें।
धामों पर "दर्शन टोकन" अवश्य प्राप्त करें।
यात्रा मार्ग पर विभिन्न पड़ावों पर विश्राम करते हुए प्रस्थान करें।
यात्रा मार्गों पर गंदगी न फैलायें एवं मार्ग को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।
कृपया वाहनों की गति नियंत्रित रखें एवं वाहनों को निर्धारित स्थलों पर ही पार्क करें।
greencard.uk.gov.in पर अपने वाहन का रजिस्ट्रेशन करवाएं।
यात्रा के दौरान सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग न करें।
स्वास्थ्य का रखें खास ख्याल
यात्रा आरंभ करने से पहले निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में अपनी जांच अवश्य करायें।
जिन्हें हृदय संबंधी दिक्कतें तथा हाइपरटेंशन है, वे अतिरिक्त सावधान रहें।
रास्ते में कहीं भी लगे कि आपकी तबीयत ठीक नहीं है तो आगे यात्रा न करें और नजदीकी चिकित्सा केंद्र से संपर्क करें।
जरुरी दवाइयां, फर्स्ट ऐड किट एवं मेडिकल हिस्ट्री सम्बन्धी रिपोर्ट साथ लेकर चलें।
आपकी यात्रा मंगलमय हो
त्रियुगी नारायण मन्दिर
गरतांग गली
फूलों की घाटी
हर्षिल वैली
देवप्रयाग
ऋषिकेश
औली
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in
uttarakhandDIPR
DIPR_UK
uttarakhand DIPR
#ExploreUttarakhand
@DIPR_UK

# अफवाहों पर अंकुश लगाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका : डीएम



अमित कुमार

हरिद्वार। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आपदा प्रबंधन में मीडिया की भूमिका विषयक पर एक कार्यशाला का आयोजन मेला नियंत्रण भवन के सभागार में जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने कहा कि आपदा प्रबंधन में मीडिया की भूमिका विषय पर कार्यशाला आयोजन का मुख्य उद्देश्य आपदा से पहले, आपदा के दौरान व आपदा के बाद मीडिया एंव प्रशासन की भूमिका व कमियों के बारे चर्चा करना हैउन्होंने कहा कि आपदा के दौरान सही जानकारी व समयबद्धता सबसे ज्यादा जरूरी है। उन्होंने कहा कि सही व सटीक जानकारियां जनता तक उपलब्ध कराने में समाचार पत्र, आउटलेट, रेडियो, टेलीविजन, आदि आपदा की प्रकृति, निकासी प्रक्रियाओं, सुरक्षा दिशा-निर्देशों, आपातकालीन संपर्क जानकारी और उपलब्ध संसाधनों के बारे में महत्वपूर्ण अपडेट प्रसारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और भ्रामक व गलत जानकारियों के खण्डन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विश्वसनीय जानकारी प्रदान करके, मीडिया व्यक्तियों को सूचित निर्णय लेने और खुद को और अपने समुदायों की सुरक्षा के लिए उचित कार्रवाई करने में मदद करता है साथ ही उन्होंने कह की आपदा प्रबंधन और मीडिया को आपसी समन्वय के साथ काम करना चाहिए। जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने कहा कि आपदाओं के दौरान मीडिया की अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जिसमें से विशेष भूमिका है कि जनता को समय पर और सटीक जानकारी प्रदान करना। आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत ने कार्यशाला के संचालन के दौरान राज्य में आपदा प्रबंधन कब लागू हुआ ,राज्य सलाहकार समिति में कौन कौन सदस्य है और आपदा प्रबंधन एक्ट के नियम एवं कानून के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न एनडीआरएफ ओर एसडीआरएफ विशेषज्ञों ने आपदा में मीडिया की भूमिका बचाव व किस तरह से विश्वसनीय जानकारियों से लोगों को भयभीत होने से बचाया जाये सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की।इस दौरान बड़ी संख्या में पत्रकार एवं छायाकार उपस्थित थे।

# इशिता गुप्ता ने हाईस्कूल में परचम लहराया, हासिल किए 99 प्रतिशत अंक



एस. गुप्ता

चंडीगढ़। शारदा गुप्ता एवं भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय समन्वयक सेवा डॉ बृज प्रकाश गुप्ता की पोती एवं श्रीमती श्वेता गुप्ता एवं सचिन गुप्ता लाडली बिटिया इशिता गुप्ता ने भुवन विद्यालय पंचकूला हरियाणा से सीबीएससी द्वारा आयोजित हाइस्कूल की परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में रिकॉर्ड बनाकर विद्यालय का नाम तथा दादी,दद्दू एवं मम्मी ,पापा का नाम रोशन किया है। ईश्वर से प्रार्थना है कि वह अपने ड्रीम्स को कामयाब बनाए। इशिता गुप्ता की इस शानदार कामयाबी पर भारत विकास परिषद की विभिन्न शाखाओं ने उनको बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

# सत्यापन नहीं कराने पर दस मकान मालिकों का काटा चलान

रुड़की। सिविल लाइंस कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनी भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार को किरायेदारों व घरेलू नौकरों का डोर टू डोर सत्यापन अभियान चलाया गया। पुलिस ने चौकी सोत बी क्षेत्रान्तर्गत किरायेदारों एवं घरेलू नौकरों के सत्यापन के दौरान 200 किरायेदारों का सत्यापन किया। सत्यापन न कराने पर 1 मकान मालिकों के विरूद्ध पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए एक लाख रुपये के चालान कर किए गए है।

# डीएम ने जल संरक्षण हेतु तालाब और निर्माणाधीन पंचायत भवन का किया स्थलीय निरीक्षण



अमित कुमार

हरिद्वार। जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह ने ब्लॉक भगवानपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरचन्दी में जल संरक्षण के लिए बनाए जा रहे तालाब एव ग्राम पंचायत सिरचन्दी में निर्माणाधीन पंचायत भवन का स्थलीय निरीक्षण किया जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह ने विकासखंड भगवानपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत सिरचन्दी में लगभग 13 बीघा भूमि में जल संरक्षण के लिए बनाए जा रहे तालाब एवं ग्राम पंचायत में निर्माणाधीन पंचायत भवन का स्थलीय निरीक्षण कर किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए है कि ग्राम पंचायत सिरचन्दी में मनरेगा के तहत जल संरक्षण के लिए जो तालाब का निर्माण कार्य किया जा रहा है उसे गुणवत्ता के साथ और तत्परता से करना सुनिश्चित करे, इसके साथ ही तालाब के सौन्दर्यीकरण के लिए जो भी रेलिंग एव इंटर लॉकिंग का कार्य किया जाएगा उससे गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत सिरचन्दी में निर्माणाधीन पंचायत भवन का निरीक्षण कर चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान एवं खंड विकास अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि गांव के चौमुखी विकास की लिए जो भी कार्य योजना तैयार की जाती है उसका पहला सदन ग्राम पंचायत भवन होता है इसके लिए यह जरूरी है कि पंचायत भवन का जो भी निर्माण कार्य किया जा रहा है उस कार्य को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करे। विकास कार्यों में किसी भी शिथिलता एवं लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्माणाधीन पंचायत भवन परिसर के चारों ओर पेड़ पौधे लगाने के साथ ही परिसर में बेहतर ढंग से टाइल्स लगाने के भी निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी भगवानपुर ने जिलाधिकारी को अवगत कराया है कि सिरचन्दी में जो लगभग 13 बीघा में तालाब का कार्य मनरेगा से कराया जा रहा है जिसकी निर्माण लागत 14 लाख रुपए है ,उन्होंने ये भी अवगत कराया है कि सिरचन्दी में निर्माणाधीन पंचायत भवन के लगात 18 लाख रुपए है, जिसमें राज्य सेक्टर 15वे वित्त एवं मनरेगा के तहत कार्य किया जा रहा है। इस दौरान परियोजना निर्देशक केएन तिवारी, ग्राम प्रधान अरविंद सहित संबंधित अधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्रेस क्लब में लगा वाटर कूलर, मीडियाकर्मियों को अब मिलेगा शुद्ध शीतल जल



अमित कुमार

हरिद्वार। हरकी पैड़ी की प्रबंधकारिणी संस्था श्रीगंगा सभा एवं इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के सहयोग से प्रेस क्लब प्रांगण में स्थापित किए गए वाटर कूलर का उद्घाटन श्री गंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम, महामंत्री तन्मय वशिष्ठ, महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी, प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी व महासचिव दीपक मिश्रा ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया। प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी व महासचिव दीपक मिश्रा ने फूलमाला पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंटकर गंगा सभा पदाधिकारियों व स्वामी ललितानंद गिरी का स्वागत किया और वाटर कूलर भेंट करने लिए आभार जताया। श्रीगंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम एवं महामंत्री तन्मय वशिष्ठ ने कहां कि समाज को जागरूक करने में पत्रकारों की बड़ी भूमिका है।हरिद्वार प्रेस क्लब पत्रकारों की बड़ी संस्था है। तमाम विशिष्ट क्षेत्रों से जुड़े लोगों को अपनी बात और विचार जनसामान्य तक पहुंचाने के लिए प्रेस क्लब मंच उपलब्ध कराता है। प्रेस क्लब सकारात्मक पत्रकारिता को आगे बढ़ाने के साथ सामाजिक दायित्व निभाते हुए समाज सेवा में भी अनुकरणीय योगदान कर रहा है। महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी महाराज ने कहा कि समाज में जनचेतना का प्रसार करने में पत्रकारों की अहम भूमिका है। जल सेवा करना ईश्वर भक्ति के समान है। सभी को मानव कल्याण में योगदान करना चाहिए। प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी एवं महासचिव दीपक मिश्रा ने कहा कि धर्म और अध्यात्म के प्रचार प्रसार के साथ श्रीगंगा पदाधिकारी जनसेवा में भी अहम योगदान कर रहे हैं। श्रीगंगा सभा के सहयोग से प्रेस क्लब में वाटर कूलर स्थापित होने से पत्रकारों के साथ जनसामान्य को भी शुद्ध शीतल जल की सुविधा मिलेगी। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार शिवशंकर जायसवाल, आदेश त्यागी, सुनीलदत्त पांडे, पूर्व अध्यक्ष अमित शर्मा, संजय आर्य आदि ने भी श्री गंगा सभा पदाधिकारियों का आभार जताया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अमित कुमार ने अमर प्रिंटिंग प्रेस, मौहल्ला कड़च्छ, निकट-आईस फैक्टी, ज्वालापुर हरिद्वार से मुद्रित तथा श्री श्याम कुटीर, 29ए, निर्मल विहार, मिश्रा गार्डन, कनखल, हरिद्वार (उत्तराखण्ड)-249408 से प्रकाशित किया।

सम्पादक
**अमित कुमार**
मो. 094120255572

**E-mail.**
guptaamit1968@gmail.com
guptasaransh11@gmail.com

कानूनी सलाहकार
**के.पी.एस.चौहान**
(एडवोकेट)

**पंजीयन संख्या: UTTHIN/2006/17322**
**डाक पंजीयन संख्या यू.ए./डी.ओ. दे.दून/291/2024-26**

नोट:-समस्त विवादों के लिये हरिद्वार न्याय क्षेत्र ही मान्य होगा सभी पद अवैतनिक है।